# नौकरी की छोड़ी चाह, उद्यमी बनने की राह

## मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना में युवाओं की बढ़ी रुचि, लक्ष्य से ज्यादा पहुंचे आवेदन

संवाद न्यूज एजेंसी

**झांसी।** युवाओं में हमेशा से नौकरी का क्रेज रहा है, लेकिन समय के साथ अब युवाओं की सोच में बदलाव आया है। नौकरी की चाह छोड़कर उद्यमी बनने की राह पर आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री उद्यम प्रोत्साहन योजना के आंकड़े इस बदलाव की कहानी बयां कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले को प्राप्त 2200 के लक्ष्य के सापेक्ष तीन माह में ही 3,771 आवेदन पहुंच गए। अभी इनकी संख्या और भी बढ़ेगी।

### 2,200 वार्षिक लक्ष्य, तीन महीने में ही आ गए 3,771 आवेदन, 671 को दिया ऋण

युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सरकार ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना शुरू की। सरकार की ओर से 5 लाख रुपये का ब्याज मुक्त लोन दिया जा रहा है। काम से संबंधित ट्रेनिंग भी सरकार दे रही है। वित्तीय वर्ष में इस योजना को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2,200 युवाओं को ऋण देने का लक्ष्य दिया गया है, लेकिन 3,771 आवेदन शुरुआती तीन माह में प्राप्त हो गए हैं। 834 आवेदनों को स्वीकृत करते हुए 671 को ऋण भी दे दिया गया है। बिजनेस शुरू करने वाले युवाओं को कच्चे माल से लेकर इसे तैयार करने के लिए भी कर्मचारियों की जरूरत होगी। ऐसे में यदि एक युवा उद्यमी द्वारा एक से दो लोगों को भी रोजगार दिया गया तो जिले के पांच हजार से अधिक लोगों को इस योजना के माध्यम से रोजगार मिल सकेगा।

### योजना की स्थिति

| वर्ष | लक्ष्य | आवेदन | स्वीकृत | ऋण प्राप्त |
|---|---|---|---|---|
| 2024-25 | 2,000 | 2,272 | 698 | 538 |
| 2025-26 (अब तक) | 2,200 | 3,771 | 834 | 671 |

मुख्यमंत्री उद्यम प्रोत्साहन योजना के लिए दिए लक्ष्य के सापेक्ष अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदनों की जांच के बाद स्वीकृति दी जाएगी। **- मनीष चौधरी, उपायुक्त उद्योग झांसी**